-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना बदौसा पुलिस द्वारा व्यक्ति के गलत बैंक खाते में ट्रान्सफर हुए 8500/ रुपये को कराया गया वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में थाना बदौसा पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति के गलत बैंक खाते में ट्रान्सफर हुए 8500/ रुपये को वापस कराया गया। गौरतलब हो कि कस्बा बदौसा के रहने वाले रमेश चन्द्र गुप्ता पुत्र सीताराम द्वारा दिनांक 07.12.2024 को पेटीएम के माध्यम से रुपये भेज रहे थे जो गलती से फतेहपुर निवासी अशोक कुमार गुप्ता के बैंक खाते में चला गया, जब रमेश कुमार गुप्ता उपरोक्त द्वारा व्यक्ति को फोन कर रुपये वापस करने के लिये कहा तो व्यक्ति ने रुपये वापस करने से मना कर दिया। तत्पश्चात पीड़ित द्वारा साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 पर गलत खाते में रुपये ट्रान्सफर करने के सम्बन्ध में शिकायत किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 21.12.2024 को थाना बदौसा पुलिस द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक रमेश कुमार गुप्ता उपरोक्त के खाते में 8500/- रुपये वापस कराये गए। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया।

टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष बदौसा श्री सुभाष चन्द्र वर्मा
2. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार चतुर्वेदी
3. क0ऑ0 संजय वर्मा